आ. नंददुलारे वाजपेयी
(लघु प्रश्न)

1 . वाजपेयी जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

2. वाजपेयी जी के पिता तथा माँ का नाम क्या था ?

3 . वाजपेयी जी की पत्नी का नाम लिखिए ।

4. वाजपेयी जी मृत्यु किस वर्ष हुई ?

5. वाजपेयी जी किस विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भी रहें ?

6. आ. नंददुलारे वाजपेयी जी की किन्हीं चार आलोचनात्मक ग्रंथों का नाम लिखिए ।

7. आ. वाजपेयी जी ने किस आलोचक को अपना गुरू माना था ?

8. प्रमुख स्वच्छंदतावादी आलोचक किसे माना गया है ?

9. " मेरा आगमन हिंदी के छायावादी कवि प्रसाद , निराला और पंत की कविता के विवेचक के रूप में हुआ था ।" कथन किसका है ?

10. किस आलोचक ने ' साकेत ' को ' आधुनिक युग की आरंभिक कृति ' तथा ' कामायनी ' को ' प्रतिनिधि काव्यग्रंथ ' कहा है ?

11. किस आलोचक के अनुसार ' छायावाद ' में " एक नूतन सांस्कृतिक मनोभावना का उद्द्गम है और एक स्वतंत्र दर्शन की नियोजना भी ।"

12. " ये ही प्रोफ़ेसर और डॉक्टर मज़दूरों और किसानों का राज्य चाहते है । उद्देश्य अच्छा है पर अभी इसमें वास्तविकता कम है । " प्रगतिवादियों के संदर्भ में यह कथन किसका है ?

13. ' हिंदी साहित्य : बीसवीं शताब्दी ' ग्रंथ के आलोचक का नाम बताइए ।

14. आधुनिक काव्य रचना और विचार के लेखक का नाम बताए ।

15. छायावाद का पहला प्रभावशाली आलोचक किसे माना जाता है ?

16. प्रसाद साहित्य का अधिकारी प्रवक्ता कौन सा आलोचक है ?

17. आ. रामचंद्र शुक्ल की आलोचना संबंधी मान्यताओं की सैद्धान्तिक स्तर पर चुनौती देने वाले आलोचक का नाम बताइए ।

18. आ. नंददुलारे वाजपेयी ने किस पत्रिका का संपादन भी किया है ?

19. " छायावाद का संबंध बीसवीं शताब्दी की वैज्ञानिक और भौतिक प्रगति से है " कथन किसका है ?

20. किसकी आलोचना में ' स्वच्छंदतावादी दृष्टिकोण और विश्लेषण क्षमता ' द्रष्टव्य है ?

21. आ. नंददुलारे वाजपेयी को ' सौष्ठववादी ' आलोचक क्यों कहा गया है ?

22. आलोचक नंददुलारे वाजपेयी जी की दो विशेषताएँ बताइए ।

23. नंददुलारे वाजपेयी जी को ' सौष्ठववादी ' आलोचक किसने कहा ?

24. ' जयशंकर प्रसाद ' आलोचनात्मक ग्रंथ का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

25. ' प्रेमचंद ' आलोचनात्मक ग्रंथ का प्रकाशन वर्ष क्या है ?